**प्रेस नोट**

**दिनांक 01.08.2025**

## जनपद हमीरपुर में बाढ़ प्रबंधन हेतु पुलिस व प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्यों की सुदृढ़ व्यवस्था।

जनपद हमीरपुर में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों हेतु व्यापक तैयारियां की गई हैं। आपदा प्रबंधन की प्रभावी रणनीति के अंतर्गत जनपद में कुल 36 बाढ़ राहत चौकियों की स्थापना की गई है, जो सतत रूप से क्षेत्रीय निगरानी एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने में सक्रिय हैं। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्यों के लिए 23 बड़ी नावें,132 छोटी नावें,31 मध्यम आकार की नावें,32 स्थानीय गोताखोरों की तैनाती एवं 1.5 सेक्शन फ्लड पीएसी क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं। प्रशासन द्वारा समस्त संबंधित विभागों को सतर्क किया गया है तथा राहत कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से त्वरित रूप से निपटा जा सके। नागरिकों से अपील है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में अपने निकटतम राहत चौकी से संपर्क करें।